इस कृति का वस्तु-फलक व्यापक है, फिर भी इसे प्रबन्ध काव्य नही कहा जा सकता। एक कथासूत्रता के अतिरिक्त प्रबन्ध काव्य के अन्य अनिवार्य लक्षणो का भी इसमे अभाव है। निस्सदेह नाथ भक्ति की अविरल धारा इस कृति मे प्रवाहित है। लेखक के जीवन पर प्रकाश डालने वाली कुछ घटनाओ का उल्लेख भी इस कृति मे हुआ है। काव्य के साथ स्थान-स्थान पर गद्य का प्रयोग भी है। अपनी काव्य प्रवृत्ति के अनुसरण मे मानसिंह ने इस कृति मे भी अपना छन्द-कौशल दिखाया है। यह कृति भी अभी अप्रकाशित ही है।

---

१ पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। [illegible]ति० गुटका १।

२ [illegible] प्रकाश—जो[illegible] गु० ४।

१७ कवित्त शृंगार इकवीसो
१८. शृंगार बरवै
१९ श्री सरूपां रा दूहा
२० कवित्त श्री सरूपां रा
२१ दूहा परमारथ
२२ दूहा ब्रजभाषा में
२३ दूहा संजोग शृंगार-देस भाषा में
२४ दूहा भाषा हिन्दुस्तानी पंजाबी में
२५ पद ऋतुवर्णन
२६ नाथ चरित
२७ शृंगार के पद
२८. वियोग शृंगार रा दूहा—देस भाषा में
२९ चौरासी पदार्थ नामावली
३० नाथपण्डित संवाद
३१ नाथकथा कथन
३२ अनुभव मंजरी
३३ नाथ वर्णन
३४ नाथ कीर्तन (नाथ पद संग्रह)
३५. सेवा सार
३६ नाथजी री आरती
३७. नाथ स्तोत्र
३८. नाथजी रा दूहा
३९. राग रत्नाकर
४० श्री मानसिंह के ख्याल टप्पे
४१ राग चन्द्रिका
४२ जलन्धरनाथजी री निसाणी
४३ जलंधरनाथजी रो अष्टक
४४ राजा हमीर री वारता
४५ भक्ति और अध्यात्म के पद
४६ नाथ चरित्र प्रबन्ध छन्द संग्रह]
४७. मण्डूकोपनिषद् की विद्वद् मनोरंजनी टीका
४८. एकार्थी नाममा
४९ होरी हिलार
५० वाटिका विहार

इस शोध में मैं उपर्युक्त कृतियों की प्रामाणिकता विषय सामग्री और उनके रचयिता रचनाकाल के सम्बन्ध में कुछ चर्चा करना चाहूँगा। मानसिंह की किसी भी कृति में रचना-

१२ नाथ चरित्र[1]— श्री नाथजी ने [illegible] है। [illegible] है। [illegible] निरूपित किया गया है।

नाथजी का माहात्म्य [illegible] है। [illegible] इसमें [illegible] है। [illegible] की वन्दना, [illegible] की स्तुति, [illegible] नाथ दर्शन की व्याख्या, [illegible] आदि का [illegible] हुआ है। इस [illegible] स्थान-स्थान पर कवि का [illegible] भी दृष्टव्य है।

[illegible] वर्णन [illegible] है। [illegible] हुआ है। [illegible] और [illegible] में भी वर्णित हुए हैं।

सगठित कथा-क्रम और प्रबन्ध काव्य के अन्य लक्षणों का इस कृति में अभाव है। अन्तु, चरित-काव्य होते हुए भी यह प्रबन्ध काव्य नहीं है।

१३ मान पडित सवाद[2]— यह कृति अपूर्ण ही प्राप्त हुई है। इसमें छोटे आकार के कुल ११८ पत्र हैं। प्रारम्भ के २८ पत्र उपलब्ध नहीं हैं। इसका वर्ण्य विषय भी नाथ-दर्शन का विवेचन है। नाथ को ही सर्वोत्कृष्ट रूप माना गया है। इस ससार सागर में जालधरनाथ का अवलम्ब ही विश्वसनीय है। वैष्णवधर्म और अन्य उपासना-पद्धतियों का खण्डन किया गया है।

विविध छन्द, पद और गद्य का प्रयोग इस कृति में हुआ है। काव्य शैली यहाँ वर्णनात्मक है।

१४ मानदशा कथन[3]— यह कृति अपूर्ण है। मान पडित सवाद के गुटके में ही यह सग्रहित है। नाथ-भक्ति ही इसका वर्ण्य विषय है। सभवत. इसकी रचना मानसिंह के जालोर निवास के समय हुई थी। नाथ कृपा के अभाव में मान का जीवन अत्यन्त क्लेश-मय और नैराश्य ग्रस्त था। श्रीनाथ के वियोग में मानसिंह की आत्मदशा का अत्यन्त कारुणिक वर्णन इस कृति में हुआ है। इसमें दवावैत शैली के राजस्थानी गद्य का प्रयोग भी स्थान-स्थान पर हुआ है।

१५ अनुभव मजरी[4]— यह कृति कुल ५ पत्रों में है और इसमें केवल ६२ दोहे हैं। कुछ प्रतियों में इस कृति का नाम 'नाथजी रा दोहा' भी मिलता है। नाथानुभूति का अत्यन्त

---

[1] पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। नाना गुटका सख्या ५।

[2] पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। गुटका स० १४।

[3] ,, ,, ,,

[4] ,, ,, ,,

३ सिद्ध सम्प्रदाय ग्रन्थ[1]— इस कृति में केवल सात दोहे हैं। आदिकाल और मध्य काल में छोटी बड़ी कृति को ग्रन्थ कहने की परम्परा थी। नाथजी की स्तुति और नाथ दर्शन का संक्षिप्त विवेचन इस कृति के विषय है।

४ सिद्ध मुक्ताफल ग्रंथ[2]— यह कृति भी अत्यन्त लघु है। इसमें केवल ११ दोहे हैं। इस कृति में भी नाथ दर्शन का मुख्य रूप से संक्षिप्त विवेचन हुआ है।

५. तेज मंजरी[3]— इस कृति में २२ दोहे और सोरठे हैं। नाथजी के तेजोमय स्वरूप का इस कृति में चित्रण हुआ है।

६ प्रश्नोत्तर ग्रन्थ— इस कृति में कुल ४ दोहे और सोरठे हैं। प्रश्नोत्तर शैली का इसमें आश्रय लिया गया है। इसमें गणेश ने गोरखनाथ से नाथ-दर्शन के सम्बन्ध में कुछ प्रश्न किये हैं और गोरखनाथ ने उनके उत्तर देकर नाथ-सम्प्रदाय के दर्शन को स्पष्ट किया है। सुरति-निरति योग की चर्चा भी इस कृति में हुई है।

७. पंचावली— यह कृति भी अति लघु है। इसमे केवल ११ छन्द हैं—जिनमें दोहा और सोरठा। नाथोत्पत्ति विषय का इसमें संक्षिप्त विवेचन हुआ है।

८ सिद्ध सभा[6]— इस कृति में केवल २७ छन्द हैं—दोहा सोरठा और कवित्त। इसमें नाथ सम्प्रदाय के साधना-मार्ग का संक्षेप में विवेचन किया गया है। जोगी सेवड़ा और तांत्रिक की साधना-पद्धतियों की आलोचना की गई है।

९ सवैया रा दूहा — यह कृति अपूर्ण है। इस प्रति में केवल चार सोरठे ही हैं। अपने गुरु देवनाथ की जिन्होंने नाथ भक्ति के लिए मानसिंहजी को प्रेरित किया था इसमें महिमा गाई गई है।

१० कवित्त श्री नाथजी रा[8]— यह कृति भी अपूर्ण है। यह प्रति खण्डित है। इसमें केवल एक ही कवित्त है। इसका विषय भी नाथ सम्प्रदाय के अपने गुरु देवनाथ का स्तुति गान ही है।

११ दूहा परमारथ[9]— इस कृति में केवल २५ दोहे हैं। इन दोहों की विषय वस्तु भी नाथ-भक्ति ही है। योग और उपासना पद्धति का विवेचन भी हुआ है।

---

[1] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। जोध गु. सं. ११।
पुस्तक प्रकाश जोधपुर। जोध गुटका सं. ११।
[3] ” ”
”
[5] ” ”
[6] ” ”
[7] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। नाथ गुटका सं. ५।
[8] ” ” ”
[9] ” ”

१२. नाथ चरित[1]— श्री नाथजी के चरित्र पर रचित मानसिंह की यह एक महत्त्वपूर्ण काव्य कृति है। इसमें बड़े आकार के कुल ८३ पत्र हैं। यह ग्रंथ पूर्ण रूप में प्राप्त है। इस काव्य का वर्ण्य विषय तीन प्रबन्धों में विभाजित है। प्रबन्धों को पुनः अध्यायों में विभाजित किया गया है।

नाथजी का माहात्म्य वर्णन इस कृति का मूल विषय है। अनेक प्रकारान्तर नाथभक्ति की कथाओं का भी इसमें समावेश है। देवनाथ गुरु की वन्दना, जोगेश्वरों की स्तुति, योग शिक्षा, नाथ दर्शन की व्याख्या, गोपीचन्द मैनावती की कथा, कन्नोज के राजा की नाथ भक्ति की कथा आदि का वर्णन इस कृति मे विस्तार से हुआ है। इसमे वर्णन की प्रधानता है किन्तु स्थान स्थान पर कवि का काव्य-कौशल भी दृष्टव्य है।

ऋतु वर्णन अत्यन्त हृदयस्पर्शी है। डिंगल छन्दों के साथ संस्कृत वृत्तों का प्रयोग भी इस ग्रंथ मे हुआ है। कथाओं और नाथ दर्शन के कुछ प्रसंग पद्य के साथ-साथ व्रज और राजस्थानी के गद्य मे भी वर्णित हुये है।

संगठित कथा-क्रम और प्रबन्ध काव्य के अन्य लक्षणों का इस कृति मे अभाव है। अस्तु, चरित-काव्य होते हुए भी यह प्रबन्ध काव्य नही है।

१३ मान पंडित संवाद[2]— यह कृति अपूर्ण ही प्राप्त हुई है। इसमे छोटे आकार के कुल ११८ पत्र है। प्रारम्भ के २८ पत्र उपलब्ध नही है। इसका वर्ण्य विषय भी नाथ-दर्शन का विवेचन है। नाथ को ही सर्वोत्कृष्ट देव माना गया है। इस संसार-सागर में जालंधरनाथ का अवलम्ब ही विश्वसनीय है। वैष्णवधर्म और अन्य उपासना-पद्धतियों का खण्डन किया गया है।

विविध छन्द, पद और गद्य का प्रयोग इस कृति मे हुआ है। काव्य शैली वही वर्णनात्मक है।

१४ मानदशा कथन[3]— यह कृति अपूर्ण है। मान पंडित संवाद के गुटके मे ही यह संग्रहित है। नाथ-भक्ति ही इसका वर्ण्य विषय है। संभवत इसकी रचना मानसिंह के जालोर निवास के समय हुई थी। नाथ कृपा के अभाव मे मान का जीवन अत्यन्त क्लेश-मय और नैराश्य ग्रस्त था। श्रीनाथ के वियोग मे मानसिंह की आत्मदशा का अत्यन्त कारुणिक वर्णन इस कृति मे हुआ है। इसमे दवावैत शैली के राजस्थानी गद्य का प्रयोग भी स्थान-स्थान पर हुआ है।

१५ अनुभव मंजरी[4]— यह कृति कुल ५ पत्रों मे है और इसमे केवल ६२ दोहे हैं। कुछ प्रतियो मे इस कृति का नाम 'नाथजी रा दोहा' भी मिलता है। नाथानुभूति का अत्यन्त

---

१ पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। नान गुटका संख्या ५।

२ पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। गुटका स० १४।

३ ,, ,, ,,

४ ,, ,, ,,

सहज रूप में इस कृति में वर्णन हुआ है। तीर्थ व्रत वेद ग्रन्थ कर्म काण्ड आदि का खण्डन किया गया है।

१६ नाथ वर्णन ग्रंथ[1]— इस ग्रंथ में नाथजी की भक्ति के पद हैं। पत्रांक १११ ही उपलब्ध हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि यह प्रति अपूर्ण है। अन्य विविध छन्दों का प्रयोग भी इसमें हुआ है। कुछ स्थलों पर गद्य का उपयोग भी किया गया है। पद शास्त्रीय और लोक संगीत की राग रागनियों पर आधारित हैं। प्रियतम नाथजी के वियोग में प्रियतमा आत्मा अन्तर्वेदना की ज्वाला से पीड़ित है। इस कृति में मधुराभक्ति का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है।

१७ नाथ कीर्तन[2]— इस कृति में कुल आकार के बड़े २८ पत्र हैं। इसमें नाथजी के कीर्तन के पद हैं। पदों की भाषा ब्रज और राजस्थानी है। पद शास्त्रीय और राजस्थानी लोक संगीत की राग रागनियों पर आधारित हैं। नाथ कीर्तन के साथ नाथ सम्प्रदाय के दर्शन का विवेचन भी पदों में हुआ है। कुछ कूट पद और उलटवासियाँ भी इस कृति में हैं। प्रेमाभक्ति की तीव्र अभिव्यंजना इन पदों में परिलक्षित होती है। गीत-काव्य सौन्दर्य की दृष्टि से यह ग्रंथ अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

१८ सेवासार[3]— यह कृति केवल चार पत्रों में है। पत्र बड़े आकार के हैं। दोहा और सोरठा का प्रयोग इसमें हुआ है। यत्र तत्र गद्य का प्रयोग भी है। वर्ण्य विषय नाथ-सेवा है। नाथजी की सेवा किस विधि से की जाय? अष्टपुटी सेवा की विधि नित्य सेवा की विधि आदि का इसमें विवेचन हुआ है।

१९. नाथजी की आरतियाँ[4]— इस कृति में केवल १ आरतियाँ संग्रहित हैं। प्रति अपूर्ण प्रतीत होती है। आरतियों का विषय नाथजी की स्तुति है। यह आरतियाँ शास्त्रीय राग रागनियों पर आधृत हैं।

२ नाथ स्तोत्र[5]— यह तीन पत्रों की एक छोटी सी कृति है। इसमें कुल १९ कवित्त हैं। इन कवित्तों में नाथजी की स्तुति की गई है।

२१ जलंधरनाथजी री निशाणी[6]— यह कृति बड़े आकार के तीन पत्रों में है। इसमें छप्पय छन्द का प्रयोग हुआ है। विषय जालंधरनाथजी की स्तुति ही है। मानसिंहजी के जीवन की कुछ घटनाओं का भक्ति के प्रसंग में उल्लेख भी है। इस कृति में छप्पय छन्द के कतिपय भेद दृष्टव्य हैं।

---

[1] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। गुटका संख्या १४।
[2] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। गुटका संख्या १७।
[3] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। ग्रन्थ संख्या ४।
[4] " " । ग्रन्थ संख्या ४।
[5] प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर। ग्रन्थ संख्या १८६२१।
[6] " " "

कृष्ण भक्ति की रचनायें

१ कृष्ण विलास[1]— यह मानसिहजी की प्रकाशित कृति है। इसमे भागवत् के दसम् स्कन्ध के प्रारम्भ के ३२ अध्यायो की कथा वर्णित हुई है। कृष्ण जन्म से लेकर गोपी-सात्वना प्रसग तक की घटनायें इस काव्य मे चित्रित हुई है। प्रकाशित कृष्ण विलास के सम्पादक प० विश्वेश्वरनाथ रेउ ने इसे भागवत् के दसमस्कन्ध का भाषानुवाद कहा है किन्तु यह अनुवाद मात्र नही है। इसमे सदेह नही कि कथावस्तु दसम्स्कन्ध के ३२ अध्यायो की ही है किन्तु कवि की मौलिक दृष्टि के भी उदाहरण इस कृति मे विद्यमान है। इस कृति का काव्य-सौन्दर्य भी उत्कृष्ट है। कवित्त, सवैया, कुण्डलिया, छप्पय के साथ सस्कृत के वृतों का प्रयोग भी कवि ने किया है। सवादो का इस कृति मे आधिक्य है और चित्रात्मकता और नाटकीयता का सफल निर्वाह इस कृति मे हुआ है।

प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान मे कृष्ण विलास की एक हस्तलिखित प्रति विद्यमान है। इस प्रति पर 'भागवत् भाषा दशम्स्कन्ध' नाम मिलता है। सभव है सम्पादक प० रेउ ने इसका नामकरण कृष्ण विलास कर दिया हो। पुस्तक प्रकाश की प्रति पर भी कृष्ण विलास नाम नही मिलता। यह लेखक का प्रबन्ध काव्य कहा जा सकता है।

२ रास चन्द्रिका[2]— यह मानसिह की एक लघु काव्य कृति है। इसमे कृष्ण और गोपिकाओ की रास-क्रीडा का वर्णन है। यह सयोग शृगार काव्य है। प्रारम्भ मे कृष्ण भक्ति के दोहे दिये गये है। कवित्त, छप्पय और सवैया छन्दो का इस कृति मे प्रयोग हुआ है। प्रकृति चित्रण भी सजीव और उद्दीपक बन पडा है।

रामभक्ति काव्य

१ राम विलास[3]— भगवान् राम के जीवन वृत्त पर आधारित लेखक की यह एक लघु काव्य कृति है। इसकी केवल एक प्रति पुस्तक प्रकाश मे प्राप्त हुई है—वह भी अपूर्ण और जीर्ण-शीर्ण। प्रारम्भ मे गणेश, शिव और सरस्वती की वदना की गई है। भगवान् मनु और सतरूपा की कथा, स्वयभू और मनु के वरदान का वृत, भारद्वाज, विश्वेश्रवा आदि के आख्यानो का इस कृति मे समावेश हुआ है। कथावस्तु मे तारतम्य और सगठन का अभाव है। भाषा राजस्थानी और ब्रज मिश्रित है। नाराच, वेताला, त्राटक, गीतिका आदि छन्दो का विशेष प्रयोग हुआ है। कुछ स्थलो पर प्रकृति चित्रण सफल बन पडा है।

२ रामावतार[4]— रामजन्म के कथानक पर रचित यह मानसिह की सस्कृत काव्य कृति है किन्तु इसका केवल एक ही पत्र प्राप्त है। प्रारम्भ और अन्त मे कोई पुष्पिका भी नही है।

---

[1] मारवाड स्टेट प्रेस मे मुद्रित। सम्पादक–प० विश्वेश्वरनाथ रेउ।
[2] पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। काव्य गुटका सख्या ३।
[3] ,, ,, ,,
[4] ,, ,, संस्कृत ह० लि० ग्रं० ३०६।

शृंगार काव्य (संयोग व विप्रलम्भ)

१ कवित्त शृंगार इकतीसो[1] — इस कृति में कुल ३१ कवित्त हैं—विषय है संयोग शृंगार। प्रकृति चित्रण भी समोहक बन पड़ा है। भाषा व्रज और राजस्थानी मिश्रित है।

२ शृंगार बरवै[2] — यह कवि की बहुत लघु काव्य-कृति है। बरवै छन्द में नायिका के नखशिख मान और अन्य हाव भाव का अत्यन्त मार्मिक वर्णन हुआ है। यह कृति भी अपूर्ण ही प्रतीत होती है। इसमें केवल १२ छन्द हैं। अन्त में कोई पुष्पिका भी नहीं है।

३ दूहा व्रज भाषा में[3] — यह एक छोटी सी काव्य-कृति है। इसमें नायिका के नखशिख और हाव भाव का वर्णन है। यद्यपि कृति के नामकरण के अनुसार भाषा व्रज ही है किन्तु राजस्थानी और पंजाबी के शब्दों का यत्र-तत्र प्रयोग हुआ है। इसमें केवल २ दोहे हैं।

४ दूहा संजोग शृंगार—देस भाषा में — इस कृति में कुल ८५ दोहे हैं—भाषा राजस्थानी है। विषय संयोग शृंगार है। नायिका का नखशिख वर्णन और सापेक्ष प्रकृति चित्रण भी इस कृति में हुआ है। वयण सगाई अलंकार का प्रत्येक दोहे में निर्वाह हुआ है। इस कृति के एक-एक दोहे में मानसिंह की काव्य-गरिमा के दर्शन होते हैं।

५ संजोग शृंगार रा दूहा[4] — इस कृति में केवल १२ दोहे हैं। कृति का नामकरण 'संजोग शृंगार' है किन्तु इस कृति के प्रत्येक दोहे में 'विप्रलम्भ' का अत्यन्त हृदयस्पर्शी वर्णन हुआ है।

६ दूहा भाषा हिन्दुस्तानी पंजाबी में[5] — यह एक छोटी सी काव्य कृति है—केवल २ दोहे की। इसका विषय भी संयोग-वियोग शृंगार ही है। कवि ने इस कृति की भाषा को 'हिन्दुस्तानी पंजाबी' कहा है। इस भाषा से उनका अर्थ संभव है व्रज उर्दू फारसी पंजाबी और राजस्थानी के मिश्रित-स्वरूप से ही रहा हो। इन दोहों में उपर्युक्त सभी भाषाओं के शब्दों का प्रयोग हुआ है किन्तु काव्य की सहजता सुरक्षित रह गई है। मानसिंह बहु भाषाविद् थे यह कृति इसका ज्वलन्त प्रमाण है।

प्रकृति काव्य

१ उद्यान वर्णन — यह कवि का प्रकृति-काव्य है। पुस्तक प्रकाश में इसकी दो प्रतियाँ उपलब्ध हैं। एक प्रति में ६ पत्र हैं और दूसरी में केवल चार। कृति अपूर्ण है।

---

[1] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। योग गुटका संख्या ११।
[2] „ „ । काव्य गुटका संख्या १४।
[3] „ „ „
„ „ „
[4] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। योग गुटका संख्या ११।
[5] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। योग गुटका संख्या ११।
पुस्तक प्रकाश जोधपुर। काव्य ग्रन्थ १।

उद्यान की शोभा—लता द्रुम, पादप-पुष्प और वसन्तागमन का अतिशय सुन्दर चित्रण इस काव्य कृति में हुआ है। इसमें पद्धरि छन्द का विशेष प्रयोग किया गया है।

२ षड्‌ऋतु वर्णन[१]— यह ऋतु काव्य की एक छोटी सी कृति है। ६×४ के आकार के इसमें कुल ३५ पत्र हैं। छहों ऋतुओं का काव्य सौन्दर्य में युक्त मार्मिक चित्रण इस कृति में हुआ है। ऋतु वर्णन के साथ नायिका के अंग प्रत्यंग व षोडश शृंगार का वर्णन भी इस कृति में है।

गीति काव्य

१ राग रत्नाकर[२]— कुछ शोध विद्वानों ने इसे राग सागर भी कहा है। पुस्तक प्रकाश में मुझे जो प्रति मिली है उस पर 'राग रत्नाकर' नाम का उल्लेख है। यह कृति बडे आकार के १८ पत्रों में है। शास्त्रीय और राजस्थानी लोक सगीत की राग-रागनियों पर आधारित कवि की यह सयोग और वियोग शृ गार की गीत काव्य की कृति है। इसमें कुछ पद कृष्ण भक्ति के भी हैं। दोहे भी हैं। कुछ पदों का सरगम भी दिया गया है। मानसिंह रसीलाराज के नाम से भी गीति रचना किया करते थे। इस ग्रथ के पदो मे रसीलाराज, नृपमान, रसराज आदि का प्रयोग हुआ है। रेउनी व आसोपाजी इन्हें मानसिंह के ही उपनाम मानते है। गीत अत्यन्त सरस और मधुर है।

२ मानसिंहजी साहबां री वणावट रा ख्याल-टप्पा[३]—यह मानसिंह द्वारा रचित गीति काव्य की एक बडी कृति है। यह ११६ पत्रों मे है और अनुमान से इसमें ५५० पद हैं। विषय सयोग-वियोग शृ गार है। कृति का नामकरण भ्रामक है। इसमें भी शास्त्रीय और लोक सगीत की राग-रागनियो पर आधृत पद है। कल्पना की उडान, अलकारो की छटा, सहज अभिव्यजना, गेयत्व, हृदयस्पर्शिता आदि गीत काव्य के तत्व सभी पदो मे विद्यमान है।

३ शृ गार पद[४]— इस कृति के सम्पूर्ण पद शृ गार (सयोग-वियोग) के है। इसमे बडे आकार के ७४ पत्र हैं। यह पद भी शास्त्रीय और राजस्थानी लोक सगीत की राग-रागनियो पर आधृत हैं। प्रकृति चित्रण (सापेक्ष और निरपेक्ष) भी इन पदो मे हुआ है। इस कृति के कुछ पदो का सग्रह 'रसीलैराज रा गीत' नाम से परम्परा के विशेषांक (प्रस्तुत अक) के रूप मे राजस्थानी शोध सस्थान ने प्रकाशित किया है।

४ होरी हिलोर[५]—यह प्रकाशित है। इसमे मानसिंह द्वारा रचित होरियाँ सग्रहित हैं।

---

१ पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। नाथ गुटका ५।
२ पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। ग्रन्थ सख्या ६।
३ पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। सगीत गुटका ३३।
४ पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। ग्रन्थ सख्या ३।
५ मुद्रक सरदारमल थानवी, श्री सुमेर प्रिंटिंग प्रेस, जोधपुर, १६२७।

शृंगार काव्य (संयोग व विप्रलम्भ)

१ कवित्त शृंगार इकतीसी[1] — इस कृति में कुल ३१ कवित्त हैं—विषय है संयोग शृंगार। प्रकृति चित्रण भी समोहक बन पड़ा है। भाषा ब्रज और राजस्थानी मिश्रित है।

२ शृंगार बरवै[2] — यह कवि की बहुत लघु काव्य-कृति है। बरवै छन्द में नायिका के नखशिख मान और अन्य हाव भाव का अत्यन्त मार्मिक वर्णन हुआ है। यह कृति भी अपूर्ण ही प्रतीत होती है। इसमें केवल १२ छन्द है। अन्त में कोई पुष्पिका भी नहीं है।

३ दूहा ब्रज भाषा में — यह एक छोटी सी काव्य-कृति है। इसमें नायिका के नखशिख और हाव भाव का वर्णन है। यद्यपि कृति के नामकरण के अनुसार भाषा ब्रज ही है किन्तु राजस्थानी और पंजाबी के शब्दों का यत्र-तत्र प्रयोग हुआ है। इसमें केवल २ दोहे हैं।

४ दूहा संयोग शृंगार—देश भाषा में — इस कृति में कुल ८६ दोहे हैं—भाषा राजस्थानी है। विषय संयोग शृंगार है। नायिका का नखशिख वर्णन और सापेक्ष प्रकृति चित्रण भी इस कृति में हुआ है। वैण सगाई अलंकार का प्रत्येक दोहे में निर्वाह हुआ है। इस कृति के एक-एक दोहे में मानसिंह की काव्य-प्रतिभा के दर्शन होते हैं।

५. संयोग शृंगार रा दूहा[4] — इस कृति में केवल १२ दोहे हैं। कृति का नामकरण 'संयोग शृंगार' है किन्तु इस कृति के प्रत्येक दोहे में 'विप्रलम्भ' का अत्यन्त हृदयस्पर्शी वर्णन हुआ है।

६ दूहा भाषा हिन्दुस्तानी पंजाबी में[5] — यह एक छोटी सी काव्य कृति है—केवल २ दोहे की। इसका विषय भी संयोग-वियोग शृंगार ही है। कवि ने इस कृति की भाषा को 'हिन्दुस्तानी पंजाबी' कहा है। इस भाषा से उनका अर्थ संभव है ब्रज उर्दू फारसी पंजाबी और राजस्थानी के मिश्रित-स्वरूप से ही रहा हो। इन दोहों में उपर्युक्त सभी भाषाओं के शब्दों का प्रयोग हुआ है किन्तु काव्य की सहजता सुरक्षित रह गई है। मानसिंह बहु भाषाविद् थे यह कृति इसका ज्वलन्त प्रमाण है।

प्रकृति काव्य

१ उद्यान वर्णन — यह कवि का प्रकृति-काव्य है। पुस्तक प्रकाश में इसकी दो प्रतियाँ उपलब्ध है। एक प्रति में ६ पद्य हैं और दूसरी में केवल चार। कृति अपूर्ण है।

---

[1] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। योग गुटका संख्या ११।
[2] " " । काव्य गुटका संख्या १४।
[3] " " " "
" " "
[4] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। योग गुटका संख्या ११।
[5] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। योग गुटका संख्या ११।
पुस्तक प्रकाश जोधपुर। काव्य ग्रन्थ १।

५. बहार वाटिका[1]— यह कृति भी प्रकाशित है। इसमें बसन्त वैभव के सरस प
का संग्रह है। शृंगार का समावेश भी है।

६ भक्ति और अध्यात्म के पद[1]— मानसिंह ने भक्ति और अध्यात्म विषय के अनेक
पद लिखे थे। पुस्तक प्रकाश में विभिन्न गुटकों और ग्रन्थों में यह संग्रहित हैं। राजस्थान
वयोवृद्ध साहित्यकार और चिन्तक स्व. रामगोपालजी मोहता ने मानसिंह के इन पदों
सम्पादित कर तीन संग्रह (मान पद संग्रह) प्रकाशित कराये थे। जिस प्रकार मानसिंह
शृंगार-पद लोक-कण्ठ पर आज भी विद्यमान हैं उसी प्रकार उनके भक्ति और अध्यात्म
पद भी खूब लोक-प्रचलित हैं। कीर्तनों में यह खूब गाये जाते हैं। मोहताजी द्वारा
सम्पादित और प्रकाशित इन संग्रहों में मानसिंहजी के भक्ति नीति और अध्यात्म विषय
स्फुट छन्द (दोहा सोरठा सवैया कवित्त) भी हैं। यदि मानसिंह के भक्ति विषयक सम्पूर्ण
पद साहित्य को प्रकाशित किया जाय तो ऐसे अनेक संग्रह और तैयार हो सकते हैं। मानसि
की नाथ वाणियाँ और जोगीड़े तो राजस्थान में अत्यन्त लोकप्रिय हैं।

कोश काव्य

१ चौरासी पदार्थ नामावली ग्रंथ[2]— पुस्तक प्रकाश में यह कृति पदार्थ संख्या ग्रंथ
के नाम से विद्यमान है। यह सम्पूर्ण कृति दोहा छन्द में लिखी गई है। इसमें दर्शन धर्म
ज्योतिष भूगोल राजनीति पुराण खगोल इतिहास साहित्य आदि विषयों से सम्बन्धित
अनेक सूचनायें दी गई हैं। एक अर्थ में यह संक्षिप्त विश्व ज्ञान कोश है। काव्य-सौन्दर्य के
स्थान पर इस कृति में कवि की बहुज्ञता दर्शनीय है। संस्कृत में ऐसे कोशों की परम्परा रही
है। राजस्थानी साहित्य में भी ऐसे कोश मिलते हैं। राजस्थानी पदार्थ कोशों की परम्परा
म मानसिंह की इस कृति का भी पर्याप्त महत्व है। यदि यह प्रकाशित हो तो विद्यार्थियों
के लिए इस कृति की उपयोगिता असंदिग्ध होगी।

२ एकाक्षरी नाम माला[3]— यह कृति बहुत छोटी है। इसमें केवल १४ दोहे हैं।
एक ही अक्षर के विविध अर्थमय नामों को प्रकट करने वाला यह कोश है। इसके रचयिता
के सम्बन्ध में विवाद है। कुछ विद्वान् इसे वीरभाण रतनू की कृति मानते हैं। मैंने इस
कोश की एक प्रति एस. बी. एम. दरबार(?)पुर जोधपुर में देखी है और उसके अन्त में दी
गई पुष्पिका और रचनाकाल से स्पष्ट सिद्ध होता है कि यह कृति मानसिंह की है। मान
सिंह ने कोश ग्रंथ लिखे भी हैं। वे बहुत पंडित थे—केवल कवि ही नहीं थे। इस कोश में
प्रयुक्त भाषा-शैली भी मानसिंह की शैली से साम्य रखती है। मेरी अपनी मान्यता तो
यही है कि यह कृति मानसिंह की ही है।

मुद्रक हरदासमल बागची श्री सुमेर प्रिंटिंग प्रेस जोधपुर, सन् १६१४।
[1] मान पद संग्रह (भाग १ २ ३) संग्रहकर्ता—रामगोपाल मोहता।
[2] पुस्तक प्रकाश जोधपुर। काव्य गुटका संख्या ८।
[3] एस. बी. एम. दरबार(?)पुर जोधपुर। ६ पं।

लगभग १००० श्लोक है। [illegible] अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है। इन्हीं के [illegible] उल्लेख कहीं नहीं किया है।

उपर्युक्त अनुच्छेद में [illegible] मानसिंह [illegible] है। इस विपुल साहित्य-भण्डार के [illegible] और विषय, [illegible] करते हैं कि मानसिंह एक महान् प्रतिभा-पुरुष और [illegible] विकट संघर्ष करना पड़ा—शारीरिक और मानसिक [illegible] शान्ति नहीं मिल सकी। [illegible] पीड़ा, पारिवारिक कलह, राजनीतिक [illegible] किन्तु विधना ने [illegible] सहिष्णुता, धैर्य और [illegible] कि न तो इनका समर ही रुका और न लेखन ही रुका। अनुमानतः १८-१९ वर्ष की आयु में इन्होंने साहित्य-साधना आरम्भ की और जीवन [illegible] रहे। मित्रों के विश्वासघात, परिजनों की [illegible] और [illegible] ने चाहे कभी उन्हें भव-जीवन से उदास कर दिया हो किन्तु उनकी साहित्य-सृजन की [illegible] का प्रवाह कभी कुण्ठित नहीं हुआ। इस सत्य का प्रमाण [illegible] अन्तःसाक्ष्य और बहिर्साक्ष्य के रूप में अनेक तथ्य उपलब्ध होते हैं।[1]

उनकी मूल रचना अथवा उसकी प्रतिलिपि (अथवा मूल) पर प्रतिलिपिकार [illegible] रचना काल, प्रतिलिपि काल, रचना स्थान, प्रतिलिपि स्थान आदि का कोई उल्लेख प्राप्त नहीं होता। हाँ, मानसिंहजी के हस्तलेख में लिखित कुछ ऐसे कागज अवश्य मिलते हैं जिन पर उनकी रचनाओं के कच्चे लेख (Rough Writings) हैं, इनमें से कुछ पन्नों पर रचना काल अवश्य अंकित है। इनसे पूरी रचना का निश्चित रचना काल निकालना कठिन है, मात्र अनुमान लगाया जा सकता है।

मानसिंहजी अधिकांशत जालोर और जोधपुर में ही रहे। युद्धों के सिलसिले में अन्य स्थानों पर भी समय-समय पर उन्हें जाना पड़ा। अस्तु, रचना स्थान जालोर और जोधपुर ही समझे जाने चाहिए। कुछ सृजन प्रवास काल में भी किया होगा। यह संभावना मात्र है। यों घोर मानसिक अशान्ति और युद्ध की परिस्थितियों के क्षणों में सृजन की मन स्थिति जुटाना अत्यन्त कठिन होता है।

यह एक मान्यता है कि राजा महाराजा स्वयं अपने हाथ से कुछ भी नहीं लिखते थे। वेतन-भोगी लिपिक और प्रतिलिपिकार उनके यहाँ रहा करते थे। मानसिंहजी एक अर्थ में अपवाद हैं क्योंकि उनके हस्तलेख की रचनाओं के अंश प्राप्त हैं किन्तु उनके यहाँ भी वेतन-

---

१ जालन्धर चरित, नाथ चरित और जालन्धर चन्द्रोदय।

राजस्थानी की मधु प्र म कथायें पत्र डायरी रोजनामचा आदि विविध गद्य विधाओं में मानसिंहजी लिखा करते थे। इनके द्वारा लिखे गये राजनैतिक पत्र (अंग्रेजों और अन्य राजाओं के साथ पत्र-व्यवहार) राजस्थानी गद्य साहित्य की अच्छी सम्पत्ति है। इनकी काव्य-कृतियों में भी गद्य साहित्य स्थान-स्थान पर विद्यमान है। कहीं पर यह साधारण कोटि का है तो कहीं पर अत्यन्त अलंकृत और ललित। मानसिंह उच्च कोटि के इतिहास लेखक भी थे। अंग्रेजी के प्रसिद्ध इतिहासकार जेम्स टॉड को हजारों पृष्ठों की ऐतिहासिक सामग्री इन्होंने दी थी। स्वयं टॉड ने[1] इसे स्वीकार किया है।

स्फुट काव्य— मानसिंह का स्फुट काव्य भी प्रचुर मात्रा में मिलता है। उनके द्वारा रचित दोहे सोरठ सवैया कवित्त और डिंगल गीत सैकड़ों की संख्या में है जो किसी विशेष प्रसंग और अवसर को लेकर लिखे गये हैं। इन मुक्तकों का विषय मूल रूप से नीति भक्ति और शृंगार है। कविराजा बाँकीदासजी इनके काव्य गुरु थे। बहुत से मुक्तक मानसिंहजी और बाँकीदासजी के पारस्परिक संवादों के रूप में भी मिलते हैं। ऐतिहासिक प्रसंगों के डिंगल गीत भी मानसिंह ने खूब लिखे हैं।

संस्कृत रचनायें— मानसिंहजी बहु भाषाविज्ञ और अनेक शास्त्रों के ज्ञाता थे। संस्कृत भाषा पर उनका अच्छा अधिकार था। अपनी डिंगल और ब्रजभाषा की प्रबन्ध रचनाओं में भी इनकी संस्कृत काव्य-रचना का प्रमाण मिलता है। अपनी अधिकांश काव्य-कृतियों का मंगलाचरण इन्होंने संस्कृत में ही लिखा है। इनकी डिंगल और ब्रज भाषा पर भी संस्कृत का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। यथावधि इनके द्वारा संस्कृत में प्रणीत जो काव्य रचनायें प्राप्त हुई है वे निम्नांकित हैं—

१ माण्डूक्योपनिषद् की विद्वन्मनोरञ्जनी टीका — मण्डूकोपनिषद् के केवल प्रथम खण्ड के श्लोकों पर ही यह टीका है। संभव है पूरे उपनिषद् पर टीका लिखी हो किन्तु वह प्राप्त नहीं है न किसी विद्वान् ने इसकी उपलब्धता के सम्बन्ध में कोई सूचना दी है। प्रारंभ में संस्कृत में ही मंगलाचरण है। फिर उपनिषद् के मंत्र है और उन पर टीका है। टीका का कुछ अंश ब्रज भाषा गद्य में भी है। यह कृति छोटे आकार के केवल १२ पत्रों में है।

२ नाथ चरित्र प्रबन्ध काव्य — इस कृति में नाथजी का चरित—उनके अनादि वैभव का कीर्तन है। सम्पूर्ण कृति संस्कृत में है किन्तु कुछ स्थलों पर ब्रजभाषा पद्य का प्रयोग भी हुआ है। कुल पद्यांक ८२ है। इसमें संस्कृत वृत्त अनुष्टुप् आदि का प्रयोग हुआ है।

३ नाथ श्लोकम्— इस कृति के सम्बन्ध में निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि मानसिंह ने कोई ऐसा संस्कृत-ग्रंथ लिखा था। यह कृति अभी तक कहीं पर भी उपलब्ध नहीं हुई है। रेउजी का अनुमान है कि मानसिंह ने यह कृति लिखी थी और इसमें अनु

---

[1] राजस्थान कर्नल टॉड जि १।
पुस्तक प्रकाश जोधपुर। संस्कृत ह लि ग्रं संख्या १ १।
[2] „ संस्कृत ह लि ग्र संख्या ४७ ४०१।

अस पर अस पर सीस प्रघतस पर
या गुपान तस कर दूर जाग सारै कौ
भारी भुज दड पर लान की अर्जंड लर
मोहन प्रचड वर सोभा रिझवारै की
[कृष्ण विलास]

आज रसीलो उमग री रस वरसै है गात
पाम पडी छै पीव रै गोरी कचन गात
गुल क्यारी सी गदगदी वेल लह तही वाग
गाळी गावै गुण भरो रहिया भरी सुहाग
मुप सु मुख अधरा अधर उरमू उर द्रग दोय
एकमेक यू ह्वै रह्या जळमिसरी ज्यू होय
[दुहा सजोग शृ गार]

वियोग शृ गार—

रे रे वन मोर मेरे स्याम के लहन हार
देखे वल वीरजू के चिन्ह किहु थान हैं
पद्म से पाय धीरै धारियतु धरनि माझ
रामानुजस्याम सोतो मेरे प्रिय प्रान हैं
कुडल की झलक अलक छुटि नागिन सी
तट की वनमाल तैसी विस्व की लुभान है
ऐसे ब्रजनाथ मोहि दीजिये वताय नातो
प्रानेस्वर वृन्दावन चदजू की आन है
[कृष्ण विलास]

साजनिया थासू लगी, या चटकीली आख
निस दिन पथ निहारती, रही झरोखा झांख
गोरै मुखडै सावळो, जुलफ रही उळझाय
आव विदेसी वेग घर, साजनिया सुळझाय
काजळ ह्वै रह्यो काळमा, पानत बोल प्रहार
वेणी ह्वै रहि विषधरी, भूषण ह्वै रह्या भार
[दुहा सजोग शृ गार]

सन्यास को धार लहे तब तीनो ही लोक करे जो गुलामी
ह रहे परवाह नही वह तीनो ही लोक को है जो स्वामी
ही सन्यासी वन्यो जिन पाय लियो उर मे धन नामी
रग है उनको जिन जान लियो उर अन्तर्यामी
[स्फुट काव्य]

लोकी लिपिक और प्रतिलिपिकार थे। कुछ नाम प्रतिलिपियों और पुस्तक प्रकाश संग्रहालय की बहियों में मिलते हैं।

संक्षेप में यह कहना चाहिए कि मानसिंह की कृतियों का रचना काल रचना स्थान और प्रतिलिपिकार के सम्बन्ध में निश्चित ज्ञातव्य आज भी प्राप्त नहीं है।

कला—

मानसिंह रीतिकाल के अन्तिम चरण के कवियों में से है। राजस्थानी और हिन्दी साहित्य दोनों के रीतिकाल का अन्त संवत् १६ माना जाता है। इसी वर्ष मानसिंह का अवसान हुआ। अस्तु मानसिंह के साहित्य पर रीतिकाल की सम्पूर्ण प्रवृत्तियों का प्रभाव अवश्यंभावी रूप से है। रीतिकाल में मुक्तक-काव्य रचना की प्रवृत्ति मुख्य थी। मानसिंह ने भी मुक्तक-काव्य ही अधिक लिखा है। उनके नाथ और जलन्धर पर रचित चरित काव्यों में प्रबन्धाभास मात्र है—वे भी मुक्तक की प्रवृत्ति के अधिक निकट हैं। मुख्य ऋतु वर्णन छन्द और अलंकार बहिष्य शृ गार (संयोग वियोग) चित्रण और अन्य रीति कालीन प्रवृत्तियों का स्पष्ट-दर्शन मानसिंहजी के काव्य में होता है। हाँ चमत्कार प्रदर्शन और आचार्यत्व का विमोह इनमें दिखाई नहीं देता।

रीतिकाल के कवि होते हुये भी मानसिंह ने नाथ-भक्ति का विपुल काव्य निर्मित किया यह उनकी एकान्त विशेषता मानी जानी चाहिये। यद्यपि रीतिकाल में भक्ति काव्य की क्षीण मन्द-सलिला रीति और शृ गार से आच्छन्न होकर प्रवाहित रही है किन्तु मानसिंह की भक्ति सम्बन्धी काव्य-कृतियाँ विशुद्ध रूप से भक्ति की ही रचनायें हैं। प्रेम और शृ गार का किंचित आभास भी इनमें नहीं मिलता। उनके नाथ भक्ति काव्य में सर्वत्र एक भक्त का दैन्य आराध्य के लिये उनका समर्पण भाव और एक तत्त्वदर्शी की उपराम भावना परिलक्षित होती है। मानसिंह की कला के प्रसंग में उनके काव्य के वर्ण्य विषय की इसलिये चर्चा करदी क्योंकि काव्य का विषय कला के परिवेश में ही सिमिटा हुआ है—उसकी पृथक सत्ता नहीं है। इससे कवि की कला को समझने में सुविधा भी रहती है।

अब हम मानसिंह के कवि रूप का विवेचन निम्नांकित क्रम में करेंगे—

रस-व्यंजना—मानसिंह के सम्पूर्ण काव्य में मुख्य रूप से केवल दो ही रस व्यंजित हुये हैं—शृ गार और शान्त। करुण रस की अभिव्यक्ति भक्ति की पृष्ठभूमि पर हुई है। वीर रस के कुछ मुक्तक और विजय गीत भी मानसिंह ने लिखे हैं किन्तु उनकी संख्या अल्प ही है। भक्ति के प्रसंग में नाथजी के तेज और पराक्रम का वर्णन करते समय वीर और रौद्र दोनों रसों का आश्रय लिया गया है।

संयोग शृ गार के उदाहरण देखिये—

> बैठी व्रजबाल लाल सांवरे गोपाल संग
> वृन्दावन कुंज और मान प्रभु प्यारे की
> सेजनू गुलाब पखुरीन तें बनाई चारु
> छूटत फुहारे वारे सोभा बनि वारे की

ग्रस पर मन पर सीस प्रवनम धर
या कृपान तन कर दूर जाग सारै को
भारी भुज दड पर चाव को मारै लर
मोहा पचाड धर लागा रिझारै को
[कृष्ण विलास]

आज रसीली उमग री रग भरनै छै गात
पाम पटी छै पीव रै गोरी कचन गात
गुल त्यागी गो गदगदो येन लह लही वाग
गाळी गावै गुण भरी तहिया भरी सुहाग
मुप सु मुख ग्रधरा ग्रधर उरलू उर द्रग दोय
एकमेक यू ह्वै रह्या जळमिसरी ज्यू होय
[दुहा सजोग शृ गार]

वियोग शृ गार—

रे रे वन मोर मेरे स्याम के लहन हार
देखे वल बीरत्यु के चिन्ह किहु थान है
पद्म से पाय धीरै धारियतु धरनि माझ
रामानुजस्याम मोतो मेरे प्रिय प्रान है
कुडल की झलक ग्रलक छुटि नागिन सी
तट की वनमाल तैसी विस्व की लुभान है
ऐसे ब्रजनाथ मोहि दीजिये बताय नातो
प्रानेश्वर वृन्दावन चदजू की ग्रान है
[कृष्ण विलास]

साजनिया यासू लगी, या चटकीली ग्राख
निस दिन पथ निहारती, रही झरोखा झाख
गोरै मुखडै सावळी, जुलफ रही उळझाय
ग्राव विदेसी वेग घर, साजनिया सुळझाय
काजळ ह्वै रह्यो काळमा, पानत बोल प्रहार
वेणी ह्वै रहि विषधरी, भूषण ह्वै रह्या भार
[दुहा सजोग शृ गार]

शान्त रस—

ग्रसल सन्यास को धार लहे तब तीनो ही लोक करे जो गुलामी
वेपरवाह रहे परवाह नही वह तीनो ही लोक को है जो स्वामी
गृहस्थ छते ही सन्यासी बन्यो जिन पाय लियो उर मे धन नामी
मान कहे रग है उनको जिन जान लियो उर ग्रन्तर्यामी
[स्फुट काव्य]

अलंकार

मैं ऊपर प्रकट कर आया हूँ कि मानसिंह में चमत्कार प्रदर्शन की वृत्ति नहीं थी। वे राजा थे। किसी राज्याश्रित कवि का गर्व और मद्र लोभ उनमें कैसे हो सकता था ? अतः उन्होंने जो कुछ लिखा स्वान्तः सुख के लिए लिखा। जो अलंकार-सौन्दर्य उनके काव्य में विद्यमान है वह अप्रयत्नज और सहज रूप में है। हिन्दी अलंकारों के साथ राजस्थानी के वैण सगाई अलंकार का प्रयोग भी मानसिंह के काव्य में हुआ है। उपमा रूपक उत्प्रेक्षा वीप्सा मुद्रा अनुप्रास विभावना असंगति मीलित दीपक और वैण सगाई उनके प्रिय अलंकार रहे हैं।

उत्प्रेक्षा और उपमा

सुंदर भामि सरीर सुप मनु कंचन की लतिका बिकसाही
सारद चंद्र समान मनोहर प्रगत नैन उभै झलकाही
मानन चारु सरोज सुगंधनि आसहुनै मनु भृंग भ्रमाही
मागिमिसी अमकै बिनुरी मुख ऊपर सोभित यौं उनमाही

[कृष्ण विलास]

भरी रूप रस रस भरी मुळ भावै जळ मैण
सरवर ल्या निरपण सही भीरज जिम्याक नैण।
सारी बातां सरसियो उज्वळ मीर अथाह
केळ कळा कारज करण बाह सरोवर बाह।

[रतना हमीर री वारता]

वैण सगाई

नवे पत्र पल्लव नवे नवी कली नवफूल
नव चंपक भूलै नवी भूम रही जिम भूल।
मैणी सूरत निरखयां, प्यारी देखा पीव
माली सुख मो संग मै किण दिन पाछै जीव

छन्द योजना – मानसिंह का छन्दज्ञान बहुत व्यापक है। उन्होंने संस्कृत हिन्दी और डिंगल के छन्दों का परमन्त सफलता से प्रयोग किया है। ब्रज भाषा के छन्दों में वैण सगाई अलंकार का निर्वाह उनके काव्य-कौशल की विशेषता है। छन्दों की रसानुकूलता पर भी उनकी विशेष दृष्टि रही है। पृथ्वी अनुष्टुप गाथा पद्धरि, वैताल नाराच वैपक्खरी मिसाली कवित्त सवैया दोहा सोरठा चन्द्रायण उधोर छप्पय और डिंगल गीत उनके विशेष प्रिय छन्द रहे हैं। इस निबन्ध में इतना स्थान नहीं कि इन छन्दों के उदाहरण दिये जाय।

प्रकृति चित्रण – मानसिंह ने प्रकृति के दोनों रूप सापेक्ष और निरपेक्ष अपने काव्य में प्रस्तुत किये हैं। कहीं वह आलम्बन के रूप में चित्रित हुई है तो कहीं उद्दीपन के रूप में। सूक्ष्म निरीक्षण सहज और सरस अभिव्यंजना मानसिंह के प्रकृति काव्य की विशेषतायें हैं। यों वह सारी वर्णन शैली परम्परा युक्त ही कही जायेगी।

वसन्त वर्णन (निरपेक्ष)

मजर मजर पैं मधुप झार झार पिक पत ,
फल फल सुकगन फवत है, रैंन घौंस रसवत ।
तूटि तूटि भुवि पैं परत, विकसे केसू व्रद ,
वाकी सुक की चचु मनु, कै द्वितिया को चद ।
विपरे केसू वन मही, अरुन वरन चहु ओर ,
अगारन कै भ्रम उमगि, चचु चलात चकोर ।

[नाथ चरित]

वसन्त वर्णन (सापेक्ष)

चैंत मास री चाँदणी, सरस वधी सग सोक ,
जाण आज खुस जाइला, लोम सरा सह लोक ।
आली उडगण नांहि ए, अवस विरह री आग ,
चली स्वास मुकता चिणग, लदूं रही नभ लाग ।
रितु आई रतिराज री, अलि ! पर पूरण आस ,
कामणि जीवै विध कवण, विण वालम विसवास ।

[रतना हमीर री वारता]

भाषा— मानसिंह बहुभाषा-विज्ञ थे। उनके द्वारा रचित विविध भाषाओ की कृतियाँ इस कथन का प्रमाण हैं। उन्होने सस्कृत मे कृतियाँ लिखी, व्रजभाषा में कृतियाँ लिखी, डिंगल मे कृतियाँ लिखी, पजावी मे पद लिखे। वे उर्दू फारसी के भी अच्छे ज्ञाता थे। गजलो और नज्मों का उन्होने उर्दू गद्य मे व्याख्यार्थ किया। अनेक कवि पंडित इनके महा आश्रित थे। इनके भाषा-गुरु कविराजा बाँकीदास स्वय अनेक भाषाओं के पडित थे। अनेक पडितो, कवियो और कलाकारो का सान्निध्य इन्हें निरन्तर प्राप्त रहा। अस्तु, सस्कार और परिवेश ने इन्हें बहुभाषाविद् बना दिया। इनकी व्रज मे रचित रचनाओ पर सस्कृत का सुस्पष्ट प्रभाव है। एक उदाहरण देखिये—

द्विरद वदन मडित प्रचड सिंदूर ललाट धर
रुचि कपोल मिलि करत मधुप झकृत विलास पर
विघनहरन सुख - करन गवरिनदन गनेशवर
फरसि-धरन कर धरन रुचिर सारद शशि शेखर
कृत नृपति मान उत्सव प्रगट विमल कृष्ण-क्रीडा कहन
झन होय सिद्ध विनसै विघन त्वां नमामि सकट-दहन ।

[कृष्ण विलास]

राजस्थानी—

रसियो यू रातू रम्यो, चुवतै रग चक चोळ ,
मनु लुट्यौ धन मदन रौ, खिडकी घर री खोल ।

बोसो पीमा बालमा हिये चुभै पै हार
पी मन तो इटरो करी, चुसम न राजकुमार।

[स्फुट छन्द]

पंजाबी

पना मैं छो मूसिया बे
मचन दा सभा मोतिमा दे झूमक बिच
इस चोर्ड दी मसिया बे
आ दे सेहर दे मोक रसराम बेचाल मे
बिजां वी बिच सैंया मिर मया बे

[राम रत्नाकर]

मलोकृत डिंगल गद्य

परसपर ममवारी हुवै है हाथ हीं हाथ चुभै है मोगमा देवै है मधो मेवै है। क
सुधा रा मासव मैं छक रहा है मासव प्याला भवरी चकी प्यासा सा मेवां सौं परसपर ठ
रहा है। मतर लगावै है मचम चकावै है। मुजा करै है तन मन हरै है। कटाच्छां वि
कटारियां री चोट है पसकों बिके हालो री चोट है। नेह चढे बणियो है, नायक मैरा चा
महिमा पायक। कबित दाहा पढ़ै है उपमा पढ़ै है।

[रतना हमीर री वारता]

खड़ी बोली मिश्रित ब्रजभाषा गद्य

मिमासक कर्म कु मानै॥ कर्म पर्व करणी का है॥ करता तो जब होइ कोइ कर
वासा होय तब भर कर्ता बीज बनाम है तब कछ् कर्म करता है। इस वासतै मीमांसाम
नैयायक का पर्व एक ही भीनाथ है॥ भौर साहित्य शास्त्र वासा रसाधिक्य मानै है पर
रस भविचल रहा चाहियै। यह रस सुरताव सभी हुँ कहा एक रहता है॥ विरस होता है।

[भनुभव मजरी]

उपयुक्त उदाहरणों से स्पष्ट हो जाता है कि मानसिंह का भाषा ज्ञान बहुत विस्त
था। संस्कृत का प्रभाव उनकी भाषाभो पर स्पष्ट है—चाहे वह ब्रज हो चाहे डिंगल
वर्ण भौर शब्द मैत्री की दृष्टि से विचार करें तब भी बड़ा सन्तोष होता है। वे संगीत के
पंडित थे भतः यह विशेषता सर्वत्र सुरक्षित रही है। उक्ति-वैचित्र्य भी इनकी भाषा में है।
व्याकरण की कठिन कसौटी पर यदि इनकी भाषा को कसा जाय तो शायद कुछ दोष निकल
जायें। डिंगल के प्रचलित मुहावरो का प्रयोग भी इनकी भाषा में मिलता है। मानसिंह
की भाषा पर विस्तार से चर्चा करने के लिए यहाँ स्थानाभाव है भतः कुछ टिप्पणियाँ
मात्र दी है।

जीवन–दर्शन

व्यक्ति को उसके सही परिप्रेक्ष्य में समझने के लिये उसकी विचारधारा भौर
मान्यताभों से परिचित होना भी भावश्यक होता है। कृतित्व भौर व्यक्तित्व को सम्यता
उसके संस्कार, मान्यतायें भौर भास्थायें ही रूप देते हैं। जगत की मधु भौर सुखद मधु

भूतियाँ कालान्तर मे प्रवृत्तियो का निर्माण करती है। ईश्वर, जगत, समाज और प्राणी मात्र के प्रति मनुष्य का क्या भाव है, वह इनके प्रति कैसी प्रतिक्रियायें करता है? वस व्यक्ति के इस प्रत्यक्ष व्यवहार और चिन्तन मे ही उसका जीवन-दर्शन सन्निहित है।

मानसिंह राजकुल मे पैदा हुये, पालित-पोपित हुये। राजसी सस्कारो का उनमे होना स्वाभाविक था। उतरवर्त्ती मध्यकालीन सामन्ती-व्यवस्था की उथल-पुथल से उनका जीवन भी किस प्रकार अप्रभावित रहता? मानसिंह तो दुर्भाग्य लेकर ही जन्मे थे। जीवन के अन्तिम क्षणो तक इन्हें सघर्ष करना पडा। कुछ होश सभाला और १२ वर्ष की अल्पायु मे ही जालोर के किले मे अपने सिंहानसनाधिकार के प्रतिद्वन्द्वियो द्वारा घेर लिये गये। निरन्तर ११ वर्ष तक इस घेरे मे ये रहे और नाना प्रकार की यन्त्रणाओ को झेला। दुर्दम्य साहस अटूट निर्भीकता अपराजेय शरीर-वल, राजनीतिक चातुर्य के साथ जालधर-नाथजी की अनन्य भक्ति इनके मार्ग को निष्कटक करती रही। जालोर मे जालधरनाथ के पुजारी देवनाथ द्वारा की गई भविष्यवाणी [आप निराश न हो। दो तीन दिन और प्रतीक्षा करें। सब ठीक हो जायेगा।] की सत्यता ने तो इन्हें नाथजी का तथा अन्य नाथानु-यायियो का अन्ध भक्त ही बना दिया। अस्तु, मानसिंह के जीवन-दर्शन पर नाथ सम्प्रदाय दर्शन का प्रभाव सुस्पष्ट है। यद्यपि वे नाथ सम्प्रदाय मे विधिवत् दीक्षित नही हुये थे, ऐसा कोई उल्लेख प्राप्त नही होता कि उन्होने कान फडा कर मुद्रा धारण करली हो, गेरुयें वस्त्र पहन लिये हो, तथापि वे अनन्य भाव से समर्पित होकर जीवनपर्यन्त नाथजी की भक्ति करते रहे। इनके पिता और पितामह वल्लभ सम्प्रदाय के अनुयायी थे।

नाथ दर्शन के अनुसार मानसिंह इस अखिल नामरूपा सृष्टि का कर्त्ता और नियामक नाथ को ही मानते हैं। नाथ ही परम शक्ति है। वह सर्वज्ञ है। सर्वव्यापक है—

नाथ जलधपाव निज, नाथ वेष निज रूप
सारै लोक अलोक मे, एही तत्व अनूप
ओकार मत एह, एक नाथ व्यापक अखिल
समझ उत हु तजि सदेह, द्वैत रूप सोइ दृष्टि भ्रम

नाथ के इस स्वरूप और तत्वज्ञान को स्वय नाथ ही जानते है। गुरु की महत्ता को भी नाथ दर्शन मे स्वीकार किया गया है। सिद्ध गुरु के मार्ग दर्शन मे ही नाथ का साक्षात्कार किया जा सकता है—मुक्ति का पथ भी गुरु ही बताता है। यही कारण था कि मानसिंह की अपने गुरु देवनाथ मे अनन्त आस्था थी। यद्यपि लोक के तीव्र विरोध को उन्हें सहना पडा किन्तु गुरु चरणो मे उनकी श्रद्धा अन्त तक बनी रही। कथनी और करनी मे वे कोई विभेद नही करते थे। मानसिंह का स्वय का आचरण इस अर्थ मे वडा निर्मल रहा है। वे जलन्धरनाथ की नियमित रूप से आराधना करते थे। सुख और दुख दोनो मे समभाव से नाथजी की स्तुति मे उनका विश्वास था। इन्द्रियो के परिष्कार और आत्मोत्थान के लिये सयमित और पावन जीवन की नाथ दर्शन मे महत्ता मानी गई है। राजपद पर आसीन होते हुये भी मानसिंह के जीवन मे इतनी वैलासिक प्रवृत्तियाँ दिखाई नही देती, जितनी अन्य सामन्ती शासको मे दिखाई देती है।

भक्ति और सम्प्रदाय के बाह्याडम्बर में उनका विश्वास नहीं था। समर्पण और अनन्यभाव से नाथ नाम का स्मरण ही उन्हें स्वीकार था—

> मन उहीं कहै नीठ प्रसंग में संगी कै जो सब नाठ करै हित
> तातैं कहूं समझाय कै मैं करि मेरो कह्यो यह सिखी चित
> सार कहै इनहीं कौं सदा परमारथ के पथ के सब पंडित
> निश्चल नाथ को नाम निरंतर नेह सों तू रट री रसना नित

नाथ दर्शन में योग कुण्डलिनी-साधना आदि को महत्व दिया गया है। मानसिंह ने अपने नाथ भक्ति के काव्य ग्रंथों में इस योग साधना के महत्व को भी प्रकट किया है किन्तु वह स्वयं नाम माहात्म्य के ही पक्षधर हैं। उन्होंने कभी योगाभ्यास नहीं किया। मानसिंह अन्य देवोपासना के विरोधी नहीं थे। नाथ सम्प्रदाय में यों अन्य देवोपासना का निषेध किया गया है। मानसिंह के ग्रंथों में गणेश सरस्वती शिव आदि के मंगलाचरण हैं। इससे उनकी धार्मिक उदारता सिद्ध होती है।

मानसिंह ने नारी को मायाविनी बताया है। साधकों के लिए नारी का सान्निध्य निषिद्ध है—ऐसा वे भी मानते थे। यह केवल नाथ मत के सिद्धान्त के अनुसरण में ही उन्होंने कहा प्रतीत होता है। क्योंकि मानसिंह गृहस्थ थे उनके एक से अधिक पत्नियां और उपपत्नियाँ थीं। राग-रंग की महफिलें भी उनके यहाँ खूब आयोजित होती थीं। संगीत और काव्य की रसवन्ती में वे नित्य अवगाहन करते थे। इससे यह सिद्ध होता है कि मानसिंह का जीवन-दर्शन प्रतिगामी नहीं था। वो कठोर वैचारिक परिसीमाओं के मध्य में से प्रशस्त मार्ग निकालने के भी पक्षधर थे। योग और भोग की समानान्तर साधना उनके जीवन में चलती रही।

भक्त चिन्तक कवि और संगीतज्ञ के अतिरिक्त उनके जीवन का एक और पक्ष है, वह है उनका सत्ता पुरुष। अपने इस रूप में वे बड़े विरोधात्मक प्रतीत होते हैं। भक्ति और काव्य के प्रसंग का दया कोमलता सान्निध्य मानवीयता सरसता और सर्वांग सहनीयता से संवृत मानसिंह का व्यक्तित्व राजनैतिक प्रसंग में तिरोहित हुआ सा प्रतीत होता है। राजनीति अपने आप में एक धर्म और जीवन-पद्धति है। अस्तु, राजपुरुष के रूप में युद्ध क्रूरता कठोरता आदि का व्यवहार यदि होता है तो उसके राजनैतिक और शासकीय कारण होते हैं। मानसिंह के जीवन के पृष्ठ युद्ध और अवसाद, कलह और विश्वासघात के पीड़ादायी प्रसंगों से अंकित हैं। मित्र और परिजन यहाँ तक कि स्वयं पुत्र भी जीवनघाती बन जाते हैं। 'शठम् शाठ्यम्' के सूक्त के अनुसार मानसिंह को कठोर आचरण करना पड़ता है। यह उनके राजपुरुष की विवशता अथवा कर्तव्य है जीवन-दर्शन नहीं।

संक्षेप में मानसिंह के जीवन-दर्शन को उनके राजनैतिक आचरण में न ढूंढ कर साहित्य में ढूंढना अधिक श्रेयस्कर है। अपने यथार्थ रूप में वे साहित्य में ही प्रकट हुए हैं।

मानसिंह भक्ति योग और प्रेम योग के एक साथ साधक कवि हैं।

राजस्थानी शोध संस्थान द्वारा अमूल्य प्राचीन साहित्य-निधि का सग्रह तथा संरक्षण

पिछले पाँच छह वर्षों से यह सस्था राजस्थान को प्राचीन भाषा एव सस्कृति को प्रकट करने वाले अज्ञात एव अत्यन्त मूल्यवान ग्र थो के सग्रह मे सतत प्रयत्नशील रही है। अनेक साधनो से शोध सस्थान ने अव तक लगभग दस हजार ग्र थो का सग्रह कर उन्हे स रक्षण प्रदान किया है, जिनका प्रयोग अनेक शोध विद्यार्थी समय-समय पर करते रहे ह। शोध-कर्त्ताओ तथा अन्य विद्वानो की सूचनार्थ स ग्रह-सम्बन्धी कुछ ज्ञातव्य निम्न प्रकार है—

१ स ग्रह मे १४ वी शताब्दी से लेकर १६ वी शताब्दी तक के हस्तलिखित ग्र थ मौजूद हैं।

२ गद्य, पद्य, टीकाएँ, बालावबोध, चित्रित प्रतियो मे धर्म, दर्शन, तत्र, मन्त्र, खगोल, व्याकरण, काव्य, शालिहोत्र, पुराण, महाभारत, भागवत, बात, ख्यात, पीढ़ियाँ, वशावलियाँ, पट्टे, परवाने, वैद्यक और ज्योतिष आदि विषय हैं।

३ ये ग्र थ प्राय प्राचीन मंदिरो, मठो, उपाश्रयो, चारणो, जागीरदारो, मुत्सद्दियो, ब्राह्मणों आदि से सग्रहीत किए गए है। सग्रह का क्षेत्र प्राय मारवाड रहा है।

४ कुछ प्रतियां असुरक्षितता तथा जीर्णता के कारण खडित अथवा अपूर्ण है, पर उनका भी अनेक दृष्टियो से महत्व है।

५ १४ वी, १५ वी, १६ वी शताब्दी के अनेक ग्र थ जैन-धर्मावलम्बियो के लिखे हुए हैं।

६ चारण साहित्य मे प्राचीन दोहे, गीत, कवित्त, झमाल, नीसांणी तथा अनेक प्रबन्ध काव्य व ऐतिहासिक पत्र आदि है।

७ गद्य साहित्य मे बातो की संख्या सर्वाधिक है। राजस्थानी भाषा की प्राय हर विषय की बाते स ग्रहीत है। ख्यातो का भी सु दर स ग्रह है। राठौड़ा री ख्यात, भाटिया री ख्यात, कछवाहा री ख्यात, सीसोदियां री ख्यात के अतिरिक्त अपूर्ण ख्यातें भी हैं। अभी-अभी मुहता नैणसी की नवीन ख्यात स स्था को उपलब्ध हुई है।

परम्परा के विशेषांक

---

१ लोक गीत – मू. ३ रु० (अप्राप्य)
राजस्थानी लोक गीतों का एक अध्ययन व परिशिष्ट में चुने हुए गीत।

२ गोरा हट जा – मू. ३ रु. (अप्राप्य)
अंग्रेजी साम्राज्य-विरोधी कविताओं का संकलन।

३ डिंगल कोष – मू. १२ रु. (अप्राप्य)
डिंगल के प्राचीन पद्य-बद्ध नौ कोषों का संकलन ऐतिहासिक टिप्पणियों सहित।

४ जेठवै रा सोरठा – मू. ३ रु.
जेठवा सम्बन्धी राजस्थानी व गुजराती सोरठे तथा विवेचन।

५ राजस्थानी बात संग्रह – मू. ७ रु.
राजस्थानी की प्राचीन चुनी हुई बातें तथा विवेचन।

६ रसराज – मू. ३ रु०
शृंगार रस सम्बन्धी राजस्थानी के चुने हुए दोहों का संकलन।

७ नीति प्रकाश – मू. ६ रु.
फारसी के ग्रंथ अखलाक-ए-मोहसनी का प्राचीन राजस्थानी में भाषानुवाद।

८ ऐतिहासिक बातां – मू. ३ रु.
मारवाड़ के इतिहास से सम्बन्ध रखने वाली प्राचीन बातें व विवेचन।

९ राजस्थानी साहित्य का आदिकाल – मू. ३ रु.
आदिकालीन राजस्थानी साहित्य सम्बन्धी विविध लेख।

१० पिंगल-शिरोमणि – मू. ३ रु०
डिंगल छंद-शास्त्र का महत्वपूर्ण ग्रंथ।

११ राठौड़ रतनसिंह री वेलि – मू. ३ रु.
प्रौढ़ राजस्थानी भाषा में रचित एक ऐतिहासिक काव्य-कृति टीका सहित।

१२ राजस्थानी साहित्य का मध्यकाल – मू. ६ रु.
मध्यकालीन राजस्थानी साहित्य सम्बन्धी विविध शोधपूर्ण लेख।

१३ गज उद्धार ग्रंथ – मू. ३ रु.
गज और ग्राह युद्ध विषयक धार्मिक काव्य-कृति तथा तद्विषयक लेख।

शोक - सम्वाद

कुवर विजयसिहजी सिरियारी (एम० पी०) के आकस्मिक निधन से राजस्थानी साहित्य व सस्कृति का एक अनन्य प्रेमी और हमारी सस्था का एक प्रमुख स्तंभ सदा के लिए उठ गया। कुवर साहिब इस संस्था के सस्थापको मे से थे। एक प्रतिभावान राज-नीतिज्ञ के नाते उनसे राजस्थान के अधिकांश लोग परिचित थे परन्तु जिन्हें उनके साथ रहने तथा नजदीक से जानने का अवसर मिला वे उनकी बहुज्ञता तथा प्रभावशाली व्यक्तित्व से प्रभावित हुए बिना नही रहे। राजस्थानी भाषा और साहित्य के प्रति उनकी अपार श्रद्धा थी। वे इसे अत्यन्त पुनीत कार्य मानते थे। अनेक प्रकार की कठिनाइयो मे से उन्होने सस्था को निकाल कर आगे बढाया है। उनकी बलवती प्रेरणा के फलस्वरूप ही सस्था आर्थिक कठिनाइयो के होते हुए भी प्रगति-पथ पर अग्रसर होती रही।

प्रारभ से ही इस पत्रिका की परामर्श-समिति के वे सदस्य थे। आज जब वे नही रहे तो उनकी गंभीर मुस्कान और प्रेरणा-प्रद शब्दो की स्मृति ही हमारा सबल है।

ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति दे।

—संचालक

परम्परा

• त्रैमासिक शोध पत्रिका

वार्षिक मूल्य दस रुपये

प्रति भाग तीन रुपये

भाग अठारह उन्नीस

सन् १९६४

राजस्थानी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित
चौपासनी विद्यालय जोधपुर

Printed by Hari Prasad Pareek at Sadhana Press, Jod
for Narayan Singh Bhati, Director, Rajasthani
Shodh Sansthan, Jodhpur (Rajasthan)